गिरगांव में बनेगी 48 मंजिला इमारत

नवभारत न्यूज नेटवर्क

मुंबई. कुलाबा-बांद्रा-सीप्ज तक निर्माणाधीन भूमिगत मेट्रो-3 प्रोजेक्ट का 80 प्रतिशत काम पूरा हो गया है. मेट्रो-3 का सबसे बड़ा प्रोजेक्ट गिरगांव में बनने जा रहा है. गिरगांव मेट्रो स्टेशन के ऊपर ही 3 मंजिला शॉपिंग कांप्लेक्स और 48 मंजिला रिहायशी इमारत बनाई जाएगी. इसके लिए एमएआरसीएल ने निविदा आमंत्रित की थी जिसे बेहतर प्रतिसाद मिला है. एमएमआरसीएल के प्रबंध निदेशक रंजीत सिंह देओल के अनुसार इस कोरीडोर के लिए जेएमसी प्रोजेक्ट इंडिया, टाटा प्रोजेक्ट लिमिटेड, लार्सन एंड टूब्रो , वेस्कॉन इंजीनियर्स, शापूरजी पालनजी, मोंटोकार्लो, कैपिसाइट इन्फ्राप्रोजेक्ट नियति इंजिनियर्स एंड कंसल्टेंट, मैन इन्फ्राकंस्ट्रक्शन, नाथानी पारेख कंस्ट्रक्शन काम करने को लेकर आतुर हैं.

मेट्रो- 3 का प्रोजेक्ट

473 रिहायशी और **137** शॉप

जनवरी से शुरू होगा निर्माण कार्य

■ गिरगांव रीडेवलपमेंट बिल्डिंग जी-3 में 473 रिहायशी फ्लैट और 137 दुकानें और 19 ऑफिस रहेंगे. कमर्शियल फ्लैट 10 से 18 फ्लोर तक रहेगा. जबकि रिहायशी फ्लैट 19 से 48 मंजिल तक रहेगा. इसके लिए वेस्कॉन इंजीनियर्स को कार्य की मंजूरी दी गई है. देओल ने बताया कि निर्माण कार्य जनवरी से शुरू कर दिया जाएगा. यहां पर छोटे घर अधिक हैं. इस प्रोजेक्ट की सफलता के बाद इलाके में क्लस्टर डेवलपमेंट को बढ़ावा मिलेगा.